राजस्थान सरकार

आर्थिक एवं सांख्यिकी निदेशालय

राजस्थान का थोक मूल्य सूचकांक माह सितम्बर, 2024 **पर आधारित प्रेस विज्ञप्ति**

आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा राज्य स्तरीय थोक मूल्य सूचकांक आधार वर्ष **1999-2000** पर प्रतिमाह जारी किया जाता हैं | **राज्य का माह सितम्बर, 2024 का सामान्य (सभी वस्तुओं का) थोक मूल्य सूचकांक** 401.78 **(प्रावधानिक) अंक रहा । सूचकांक में गत माह अगस्त, 2024 के सूचकांक** 394.46 **की तुलना में** 1.86 **प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । राज्य के मासिक सामान्य थोक मूल्य सूचकांक पर आधारित मुद्रास्फीति सितम्बर,** 2024 **में** 3.56 **प्रतिशत (सितम्बर,** 2023 **की तुलना में) रही हैं | माह सितम्बर,** 2024 **में प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक** 458.30 **एवं ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह सूचकांक** 568.11 **तथा विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक** 309.13 **अंक रहा हैं** | राज्य के थोक मूल्य सूचकांक के अंतर्गत **1.** प्राथमिक वस्तु समूह, **2.** ईंधन, शक्ति, प्रकाश व उपस्नेहक समूह एवं **3.** विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक में परिवर्तन/विचलन की स्थिति निम्नानुसार हैं –

1. **प्राथमिक वस्तु समूह (भार** 33.894%) : माह सितम्बर, 2024 में प्राथमिक वस्तु समूह का सूचकांक गत माह की तुलना में **4.58** प्रतिशत की वृद्धि के साथ **458.30** अंक रहा हैं | प्राथमिक वस्तु समूह के सूचकांक में वृद्धि का मुख्य कारण इसके अंतर्गत कृषि उप समूह सूचकांक में **5.22** प्रतिशत एवं खनिज उप समूह सूचकांक में **0.27** प्रतिशत की वृद्धि का दर्ज होना रहा हैं । कृषि मद समूह के खाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **4.41** प्रतिशत एवं अखाद्य पदार्थ उप समूह सूचकांक में **7.06** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । आलोच्य माह के प्राथमिक वस्तु समूह में कृषि मद समूह के सूचकांक के अन्तर्गत अनाजों में **1.34** प्रतिशत, दालों में **4.81** प्रतिशत, फलों में **55.09** प्रतिशत, सब्जियों में **11.93** प्रतिशत, दूध में **1.02** प्रतिशत, मसालों में **2.85** प्रतिशत, रेशा में 0.04 प्रतिशत, तिलहन में 9.68 प्रतिशत एवं अन्य अखाद्य पदार्थ में **0.60** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई । खनिज उप समूह सूचकांक के अंतर्गत आलोच्य माह में **0.27** प्रतिशत की वृद्धि दर्ज हुई जिसमें मुख्यतः जिप्सम में **1.33** प्रतिशत, चूना पत्थर में **0.17** प्रतिशत, चांदी में **1.79** प्रतिशत तथा मिट्टी की ईट में **1.05** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं । प्राथमिक वस्तु समूह सूचकांक में वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (सितम्बर, **2023** की तुलना में) **8.46** प्रतिशत दर्ज की गई हैं |

2. **ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह (भार** 16.253%): माह सितम्बर, **2024** के दौरान इस समूह का सूचकांक माह अगस्त, **2024** के सूचकांक **568.11** के साथ स्थिर रहा, जिसमें कोई परिवर्तन नहीं पाया गया | ईंधन, शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति दर (सितम्बर, **2023** की तुलना में) **(-)1.31** प्रतिशत की कमी पाई गई |

3. **विनिर्मित उत्पाद समूह (भार** 49.853%): विनिर्मित उत्पाद समूह का सूचकांक माह सितम्बर, **2024** में गत माह अगस्त, **2024** के सूचकांक **308.07** की तुलना में **0.34** प्रतिशत की वृद्धि के साथ **309.13** अंक रहा हैं | समीक्षाधीन माह के दौरान खाद्य उत्पाद उप समूह के सूचकांक में **0.96** प्रतिशत, बेवरेज एवं तम्बाकू उत्पाद उप समूह सूचकांक में **0.19** प्रतिशत, कताई, बुनाई और परिष्करण उप समूह के सूचकांक में **0.04** प्रतिशत, लकड़ी एवं लकड़ी के उत्पाद उप समूह सूचकांक में **0.41** प्रतिशत, गैर-धातु और खनिज उत्पाद में **2.26** प्रतिशत, बुनियादी कीमती और अलौह धातुएँ उप समूह के सूचकांक में **0.27** प्रतिशत एवं सामान्य उपयोग मशीनरी उप समूह के सूचकांक में **0.10** प्रतिशत की वृद्धि रही हैं | विनिर्मित उत्पाद समूह सूचकांक की वर्ष दर वर्ष मुद्रास्फीति की दर (सितम्बर, **2023** की तुलना सितम्बर, **2024** में) **1.94** प्रतिशत दर्ज की गई |

तालिका - थोक मूल्य सूचकांक माह सितम्बर, **2024** (आधार वर्ष **1999-2000=100)**

क्र.सं.	**समूह / उप समूह**	**समूहवार भारांकन**	**राजस्थान का थोक भाव सूचकांक**			**प्रतिशत विचलन सितम्बर, 2024 में**	
			सितम्बर*, 2024	**अगस्त, 2024**	**सितम्बर, 2023**	**अगस्त, 2024**	**सितम्बर, 2023**
1	2	3	4	5	6	7	8
I	**प्राथमिक वस्तु समूह**	33.894	458.30	438.25	422.57	4.58	8.46
	(अ) कृषि वस्तुओं के उप समूह	29.933	454.05	431.53	415.54	5.22	9.27
	(ब) खनिज उप समूह	3.961	490.40	489.06	475.68	0.27	3.09
II	**ईंधन शक्ति, प्रकाश एवं उपस्नेहक समूह**	16.253	568.11	568.11	575.63	0.00	-1.31
III	**विनिर्मित उत्पाद समूह**	49.853	309.13	308.07	303.25	0.34	1.94
	सामान्य सूचकांक	**100.00**	**401.78**	**394.46**	**387.97**	[illegible]	**3.56**

*प्रावधानिक

Signature Not Verified
Digitally Signed by Vinesh Singhvi
Designation : Director and Joint Secretary
Date :24-10-2024 07:18:49

RajKaj Ref No.: 11374641